हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 23 .3 डिग्री

11 एमडीयू वीसी प्रो. राजबीर सिंह ने नए सत्र का हॉस्टल ...


12 सीईटी परीक्षा को लेकर सभी प्रबंध पूरे करें अधिकारी ...



## खबर संक्षेप

### मदविः प्रो. गुलशन तनेजा बने सीडीओई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. गुलशन लाल तनेजा को सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) का कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. गुलशन तनेजा को निदेशक, सीडीओई का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रो. गुलशन लाल तनेजा एमडीयू के रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक तथा निदेशक आईक्यूएसी समेत अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक पिस्तौल, दौ रौंद व दो मैंग्जीन बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुरेन्द्र निवासी अटायल के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल, दौ रौंद व दो मैंग्जीन बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ स्पर्धा स्थगित

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा 15 से 17 जुलाई तक प्रस्तावित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ खेल प्रतियोगिता 2025-26 के तहत आयोजित होने वाली बॉक्सिंग, फुटबॉल व नेटबॉल (महिला व पुरुष) की खेल प्रतियोगिता को अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। इस खेल महाकुंभ का आयोजन रोहतक में करवाया जाना प्रस्तावित था, जिससे अब स्थगित कर दिया गया है।

### युवक से 182 ग्राम हैरोईन बरामद हुई

**रोहतक।** पुलिस ने अलग-2 स्थानों से 4 युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आरोपियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करके कार्यवाही की गई हैं। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सीआईए-2 की टीम अग्रसेन चौक रेलवे स्टेशन के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान सचिन उर्फ मिर्जा निवासी गढ़ी मौहल्ला को काबू किया गया है। युवक से 182 ग्राम हैरोईन बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ शहर में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया।

### गाड़ी सवार 4 युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने गाड़ी सवार 4 युवकों को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी सौरभ व दीपक को जेल भेजा गया है। आरोपी रिंकू व मुकेश को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके जांच की जा रही है। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सीआईए-2 की टीम ने गाड़ी सवार 4 युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान रिंकू निवासी खानपुर कला जिला सोनीपत हाल खोखराकोट, मुकेश निवासी भिवानी, सौरभ निवासी हुनमान गेट, भिवानी व दीपक निवासी ढाढोत जिला महेंद्रगढ़ हाल भिवानी के रुप में हुई। युवको से 196 ग्राम हैरोईन बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना आईएमटी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

---

**चेतावनी** पशुओं को खुले में छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: निगमायुक्त

*17 पशुओं को जींद रोड, गांधी कैम्प से पकड़ा गया*

## कूड़ा बाहर डालने पर टिप्पर और ट्रैक्टर ट्राली का 75,000 रुपये का किया चालान

- नगर निगम जुलाई माह में 99 से अधिक पशु पकड़वाकर गोशाला में छुड़वाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा सनसिटी में कूड़ा उठान का कार्य में लगे हुए एक टिप्पर व एक ट्रैक्टर ट्राली द्वारा कूड़ा बाहर डालने पर सनसिटी कम्पनी का 75000 रुपये का चालान किया गया। निगम द्वारा शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़वाने का अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम द्वारा इस माह 99 से अधिक पशु निगम क्षेत्र से पकड़वाकर गौशाला में छोड़े जा चुके है तथा आज भी नगर निगम द्वारा 17 पशुओ को जीन्द रोड, जनता कालोनी, गांधी कैम्प इत्यादि स्थानो से पकड़वाकर गोशाला में छुड़वाया गया। नगर निगम द्वारा पशुओ को पकड़वाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा और यह कार्य निरंतर किया जाएगा ताकि रोहतक शहर को आवारा पशु मुक्त शहर बनाया जा सकें व आमजन को असुविधा न हो। निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा द्वारा आमजन से पुनः अपील की गई कि वे अपने पालतु पशुओं को खुले में न छोड़े क्योंकि इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती हैं व आमजन को भी असुविधा होती हैं। पशुओं को खुले में छोड़ने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा प्रथम बार पशु पकड़े जाने पर 5000 रुपये जुर्माना व दूसरी बार पशु पकड़े जाने पर 11000 रुपये जुर्माना तथा तीसरी बार पशु पकड़े जाने पशु को जब्त करने के साथ-साथ 21000 रुपये जुर्माना वसूला किया जाएगा।





## प्रो. शालिनी सिंह ने सेंटर फॉर लाइफ एंड सॉफ्ट स्किल्स निदेशक का कार्यभार संभाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. शालिनी सिंह ने सोमवार को सेंटर फॉर लाइफ एंड सॉफ्ट स्किल्स के निदेशक का कार्यभार औपचारिक रूप से संभाल लिया है। प्रो. शालिनी सिंह, मनोविज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर हैं और विश्वविद्यालय में छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। इससे पहले, उन्हें यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट का निदेशक भी नियुक्त किया गया था। प्रो. शालिनी सिंह ने अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि वे इस सीएलएस के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन कौशल, संवाद कौशल, नेतृत्व विकास एवं अन्य सॉफ्ट स्किल्स को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष फोकस करेंगी।

---

# बारिश से शहर पानी-पानी, कचरे और गड्ढों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

### नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही की खुली पोल, हर बारिश में जलभराव





- बारिश का पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों और मोहल्लों में हो रहा है जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमवार शाम को हुई तेज बारिश से जहां मौसम ने करवट बदली वहीं नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की पोल भी खुल गई।

शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रमुख चौक-चौराहों पर पानी भरने से यातायात बाधित हो गया, वहीं सड़कों पर पड़े गड्ढों ने वाहन चालकों की मुसीबत और बढ़ा दी। बारिश सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई और रात तक रुक-रुक कर होती रही। बारिश के दौरान शहर के शीला बाईपास, छोटूराम चौक, अशोका चौक, सुभाष चौक, डी-पार्क, सेक्टर-4, कच्चा चमारिया रोड, गोहाना रोड, सेक्टर एक दो तीन व चार, दिल्ली बाईपास और ओमेक्स सिटी के मुख्य द्वार सहित अनेक स्थानों पर पानी भर गया। दोपहिया वाहन चालकों को तो पानी में फंसी बाइक और स्कूटी को खींचते हुए पैदल चलना पड़ा। कुछ चार पहिया वाहन भी पानी में बंद हो गए।

#### नहीं उठ रहा कूड़ा

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति नगर निगम की लापरवाही का नतीजा है। समय पर कूड़े का उठान नहीं हुआ और नालों की सफाई भी अधूरी छोड़ दी गई, जिसके चलते जल निकासी बाधित रही। शहर के नाले बारिश से पहले ही साफ कर दिए जाते तो यह स्थिति न बनती। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर अभी भी नजर आ रहे हैं, जो जलभराव को और बढ़ा रहे हैं।

#### नहीं दिखाई देते पानी के गढ्डे

दिल्ली बाईपास चौक और ओमेक्स सिटी के गेट के पास बने गहरे गड्ढों ने समस्या को और गंभीर बना दिया। बारिश के पानी में गड्ढे दिखाई नहीं दिए और कई वाहन चालकों के पहिए इनमें फंस गए। इन गड्ढों के कारण न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही, बल्कि वाहनों की मरम्मत का खर्च भी बढ़ गया। वाहन चालकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग को बारिश से पहले ही इन गड्ढों को भर देना चाहिए था, लेकिन विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

#### हर बार बारिश में समस्या

स्थानीय निवासी विकास मित्तल ने बताया कि हर बार बारिश होते ही यही हाल होता है। न नाले साफ होते हैं और न ही गड्ढे भरे जाते हैं। प्रशासन को केवल शिकायतों का इंतजार रहता है। सामाजिक कार्यकर्ता सीमा खत्री ने कहा हर बार नगर निगम और पीडब्ल्यूडी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं, लेकिन भुगतना आम जनता को पड़ता है। इस बार समय रहते कदम न उठाए गए तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

#### कचरा हटे तो समाधान हो

शहरवासियों ने मांग की है कि नगर निगम और पीडब्ल्यूडी जल्द से जल्द शहर की सड़कों से कचरा हटवाएं, नालों की समुचित सफाई कराएं और सड़कों पर बने खतरनाक गड्ढों को भरा जाए ताकि आगे होने वाली बारिश में लोगों को राहत मिल सके। कई दिनों से कचरे नहीं उठाने से नालियों में जाने से बंद हो गई है।

---




आईआईएम में कार्यक्रम

## राष्ट्र को एकजुट-दृढ़ बनाने में सेना की भूमिका अहमः प्रो. धीरज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रोहतक को पश्चिम उत्तर प्रदेश उप क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल सुमित राणा की उपस्थिति में राष्ट्र निर्माण में सशस्त्र बलों की भूमिका विषय पर एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन करने का गौरव प्राप्त हुआ। इस सत्र में भारतीय सशस्त्र बलों की अटूट प्रतिबद्धता और तत्परता को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से दर्शाया गया। भारतीय सशस्त्र बलों का योगदान बहुआयामी है और यह राष्ट्रीय कल्याण व एकता को साकार करने के लिए समर्पित है। इस सत्र में लगभग 300 छात्र और आईआईएम रोहतक के प्रतिष्ठित संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आरंभ आईआईएम के निदेशक प्रोफेसर धीरज शर्मा के स्वागत संबोधन से हुई। प्रोफेसर शर्मा ने राष्ट्र को एकजुट और दृढ़ बनाने में सेना की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने उन राष्ट्रीय नायकों और आदर्शों के महत्व को उजागर किया जिन्होंने भारत की एकता और प्रगति की नींव रखी। अपने अनुभवों को दर्शाते हुए हुए, प्रो. शर्मा ने भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम, नेतृत्व क्षमता, बलिदान और देशभक्ति पर प्रकाश डाला।

मेजर जनरल सुमित राणा ने अपने संबोधन में भारत की आधुनिक नियति को आकार देने में भारतीय सेना की अनिवार्य भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने भारतीय सेना द्वारा लड़े गए ऐतिहासिक युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये केवल युद्ध में जीत नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता, न्याय और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

---

## डॉ. मधुकांत को हरियाणा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आओ दुनिया को सुंदर बनाएं अभियान की लॉन्चिंग के अवसर पर यूथ नेशनल पावर एसोसिएशन द्वारा कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, राफी मार्ग में विभिन्न प्रदेशों से पधारे 46 विशिष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश से पधारे विशिष्ट महानुभावों को मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कौशल किशोर, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, अति विशिष्ट अतिथि रविंद्र सिंह, पूर्व न्यायाधीश हाई कोर्ट इलाहाबाद, दद्दन यादव पहलवान पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक बिहार सरकार, संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार पर्वतारोही, ब्रांड एंबेसडर फिट इंडिया खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हरियाणा से साहित्य की प्रत्येक विधा में 217 पुस्तक सृजन करने वाले तथा रक्तदान के प्रेरक डॉक्टर मधुकांत रोहतक को साहित्य एवं स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ,डा जय भगवान सिंगला कुरुक्षेत्र को समाज सेवा के लिए, हरिकेश पपोसा को कला रत्न/ पगड़ी मैन के उपलक्ष में, हिसार से साधू राम शिक्षा क्षेत्र के लिए हरियाणा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कौशल कुमार ने सभी उपस्थित महानुभावों से नशे के विरुद्ध अभियान चलाने की शपथ दिलाई।





## किला रोड की प्रस्तावति ड्राइंग की गई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**जल्द से जल्द किया जाएगा सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण**

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा किला रोड मार्केट को मॉडल मार्किट के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसकी ड्राइंग भी सोमवार जारी की गई। किला रोड का सौन्दर्यकरण होने उपरांत यह मार्केट बहुत ही सुंदर दिखेगी। नगर निगम व बिजली विभाग के अधिकारियों को किला रोड के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जा चुके हैं और बिजली के पोल स्थानांतरित करने का कार्य किया जा रहा है व वहां पर नए पोल लगाए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा नाले बनाने का कार्य शुरू किया जा चुका है, जिसको जल्द से जल्द पूर्ण करने बारे निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम द्वारा किला रोड का सौन्दर्यीकरण लगभग 1.50 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा तथा जिसके तहत सड़क के दोनों साईड का नाला बनाया जाना है जिसका कार्य प्रगति पर है तथा सड़क का निर्माण आदि कार्य शामिल हैं। रोहतक शहर को किला रोड मार्केट को जल्द से जल्द एक मॉडल मार्केट के रूप में तैयार की जाएगी व सौन्दर्यीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करवाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।



---

# सावन का पहला सोमवारः मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हर-हर महादेव की गूंज

### भक्तों ने पंचामृत दूध, दही, शहद, शक्कर और गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक किया, संकट मोचन मंदिर में विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सावन माह के पहले सोमवार को शहर के शिव मंदिरों में सुबह से शिव भक्तों को ताता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पंचामृत दूध, दही, शहद, शक्कर और गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक किया। वैश्य कॉलेज रोड स्थित शिव मंदिर, मॉडल टाउन स्थित गुफा वाला मंदिर, बड़ा बाजार स्थित शिकारी मंदिर, किलोई स्थित शिव मंदिर सहित माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में शिव भक्तों ने श्रद्धा और भक्तिभाव से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के सानिध्य में और गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी की अगुवाई में यह पवित्र आयोजन हुआ। देवी ने भक्तों के साथ ओउम नमः शिवाय के जयकारों के बीच शिवलिंग पर जलाभिषेक और रुद्राभिषेक किया। इस मौके पर सायं 4 बजे साध्वी मानेश्वरी देवी ने शिवपुराण कथा और भगवान शिव के भजनों का गायन भी किया।

**वैश्य कॉलेज शिव मंदिर और संकट मोचन मंदिर में पूजा अर्चना**





#### भक्तों ने विधि-विधान से पूजा की

सचिव गुलशन भाटिया ने बताया कि शिव भक्तों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की और महामंत्र का जाप करते हुए भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामनाएं कीं। शिवालय में बम-बम भोले और हर-हर महादेव के उद्घोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया, और भक्तों ने नाचते-झूमते हुए इस पवित्र दिन का आनंद लिया। सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ी, जिन्होंने कच्चा दूध, धतुरा, भांग, दही, बादाम, गंगाजल, तुलसी के पत्तों और बेल के पत्तों के साथ शिवलिंग पर पूजा अर्पित की। साध्वी मानेश्वरी देवी ने शिवपुराण कथा के दौरान बताया कि भगवान शिव इतने दयालु और कृपालु हैं कि एक लोटा जल अर्पित करने से वे अपने भक्तों से प्रसन्न होते हैं और उनके सारे संकट हर लेते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमृत मंथन के दौरान जब विष का प्रभाव भगवान शिव पर पड़ा, तो सभी देवी-देवताओं ने जल से अभिषेक किया था। तभी से भगवान शिव को जल अर्पित करने की परंपरा शुरू हुई।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
15 जुलाई 2025

सावन विशेष



# लोकरंग में बसा सावन

आ गया सुहाना सावन, मन को मोहने वाला सावन। सावन में रिमझिम बारिश और चहुंओर फैली हरियाली के बीच मन मयूर बनकर थिरक उठता है। एक नहीं अनेक रंग हैं सावन के। सावन की सिर्फ प्राकृतिक ही नहीं, धार्मिक महत्ता भी है। सावन में हम शिवजी की आराधना करते हैं। संपूर्ण परिवार के लिए मंगल कामना करते हैं।

आवरण कथा
अलका 'सोनी'

सावन शुरू होने का अर्थ है-गर्मी की भीषण तपन के बाद बारिश की शीतल फुहारों से राहत, चारों ओर बिखरी मनोहारी हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट। कहते हैं, सावन में संसार के पालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। उन्हें यह दायित्व सौंप कर श्रीविष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सावन का एक धार्मिक महत्व भी है।

## सावन में शिव उपासना का विशेष महत्व

सावन में शिव की आराधना होती है, इसका विशेष महत्व है, क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को वर रूप में पाने के लिए सावन माह में निराहार रहकर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें मनचाहा वरदान दिया। इसलिए सावन के महीने में शिव भक्त व्रत रहकर, अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए सोमवार को शिवजी पर जलाभिषेक करते हैं। सुहागिनें भी सावन के महीने में हरी चूड़ियां, हरी साड़ी पहन कर शिवजी की पूजा करती हैं। अपनी संतान, घर-परिवार और अपने सुहाग के कल्याण के लिए वरदान मांगती हैं। इस तरह बारहों महीने में सावन का विशेष महत्व है।

## हर्षोल्लास का माहौल

सावन के आते ही प्रकृति ही नहीं वरन जीवन हरा-भरा हो उठता है। बागों में झूले पड़ जाते हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रृंगार करके अपनी साखियों के साथ झूला-झूलती हैं। साथ ही रिमझिम फुहारों का भी आनंद लेती हैं। माहौल बहुत ही हर्षोल्लासमय हो जाता है।



## सावन के झूले

सावन में जगह-जगह पेड़ों पर झूले पड़ते हैं। झूला झूल कर मन प्रफुल्लित-उमंगित हो उठता है। किसी भी वजह से अगर आपको तनाव है तो झूला झूलना आपके लिए बेहतर उपक्रम है। झूला झूलने से बॉडी में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जो मन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, हमें तनाव से उबारते हैं।

## दंपती भरते हैं प्यार की पेंगे

सावन में प्रिय से मिलन और उनके साथ झूला झूलने की भी रीति है। सावन माह में रिमझिम बारिश के बीच पेड़ों पर डले झूलों की पेंगें दंपती के बीच प्रेम बढ़ाती हैं। झूलों की पेंगें पति-पत्नी को एक अलग ही खुशनुमा एहसास देती हैं। झूले पर बैठी पत्नी यही चाहती है कि उसका पति उसे झुलाए और दोनों ही सावन का भरपूर आनंद लें।

## सावन में कजरी की मधुरता

सावन आते ही लोकगीत कजरी की बहार आ जाती है। शहर में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के आयोजन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपती महिलाएं और झूलों पर पेंगें भरती युवतियां कजरी गाती हैं- *'हिंडलवा लागल हइ कदमवा भौजी/ चलहु झूले न पियवा सावन में विदेशवा ननदो, हिंडोलवा भावे न आवइ पानी के छिटकवा भौजी।'* आदि गीतों से ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग ही छटा बिखरती है। कजरी लोकगीत ही ऐसा है, जिसे सुनने मात्र से तन-मन रसरंग में भीग उठता है। कजरी गीतों में वर्षा ऋतु के साथ प्रेम का वर्णन भी मिलता है। गायिका स्वाति निरखी कहती हैं, 'कजरी की शुरुआत देवी स्तुति से होती है। विरह वेदना के वर्णन के अलावा श्रृंगार कजरी, बारहमासा कजरी, चौमासा कजरी, ननद-भाभी और सास के रिश्ते में छेड़छाड़ को लेकर बनी कजरी भी खूब प्रचलन में है।'


## सावन के लोकरंग

सावन हमारे लोक-रंग में रचा-बसा है। इसके आने का इंतजार हम बेसब्री से करते हैं। करें भी क्यों ना, यह हरियाली की सौगात जो लेकर आता है, साथ में लेकर आता है ढेर सारे



त्योहार। इन्हीं दिनों आती है हरियाली तीज, गुड़िया और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन। इन्हीं दिनों पानी भरे खेतों में रोपाई के लिए जाते कृषक भी दिखते हैं, तो कजरी गाती अल्हड़ युवतियों की सुरीली आवाज एक अलग समां बिखेरती है। हरी-भरी धरती पर बहते पानी में छपक-छपाक करते नटखट बच्चे भी दिखते हैं। इस तरह सावन अपने साथ जीवन के कई रंग लेकर आता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है।

*आप सभी को सावन की मंगलकामनाएं...*



### हाथों में रचती है मेहंदी

सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है, उतना ही पति का प्यार उसे मिलता है। मेहंदी लगाने से न केवल हाथ खूबसूरत लगते हैं, यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मेहंदी की महक और रंग इंसान के तनाव को कम करते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती है। भीषण गर्मी के बाद सावन के महीने में मेहंदी लगाने से शरीर को शीतलता मिलती है।

# रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद

रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद रिश्ता कोई भी हो, आपस में संवाद बहुत जरूरी है। इससे कभी कोई लतफहमी या मनमुटाव नहीं होता। आपसी संवाद से दूरी बढ़ जाती है। निरंतर संवाद से रिश्ते मधुर ही नहीं होते, मजबूत भी होते हैं।

सलाह
विजय सिंह चौहान

जहां रिश्तों की बुनियाद प्रेम-स्नेह पर टिकी होती है, वहीं इसे मजबूती और स्थायित्व आपसी संवाद देते हैं। संवाद वह अदृश्य डोर है, जो हमें आपस में बांधे रखती है, दूरियां नहीं बनने देती। जब आपस में संवाद नहीं रहता तो गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं, दूरियां बनने लगती हैं। रिश्तों की नींव दरकने लगती है।



## फैलता आभासी दुनिया का संजाल

आज के दौर में हमने तकनीक से भले ही नजदीकियां बनाई हैं, लेकिन सिर्फ इसी माध्यम से प्रेमपूर्वक रिश्तों में बंधे रहना मुश्किल है। आभासी दुनिया के इस संजाल से भले हम पूरी दुनिया से जुड़ रहे हों, लेकिन अपनों से कटते जा रहे हैं। एक ही घर में रहने वाले सदस्य अपने-अपने कमरों में बंद मोबाइल और लैपटॉप में उलझे रहते हैं। हंसी-ठहाके, शिकवे-शिकायतें, सवाल-जवाब, सुझाव और सलाह परिवारों में अब कम दिखती है। परिवार में आपसी संवाद अब मौन हो गए हैं।

## संवादों के अभाव में बन जाती हैं दूरियां

'कैसे हो?' यह आमने-सामने बैठकर पूछने के बजाय लोग व्हाट्सएप पर पूछ रहे हैं। मिलकर बैठकर बात करना, समय की बर्बादी समझा जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि रिश्तों में दूरियां तब आती हैं, जब आपस में बातचीत ना हो। अकसर देखा गया है कि किसी से मनमुटाव का कोई बड़ा कारण नहीं होता, बस कोई छोटी सी बात होती है, लेकिन हम चुप्पी साधे रहते हैं और फिर संवादों के अभाव में दूरियां बन जाती हैं। चुप्पी संबंधों को भीतर ही भीतर खोखला कर देती है। अंततः संबंध बिखर जाते हैं, जबकि संवादों के माध्यम से संबंध सहेजे जा सकते थे।



## संवाद कायम करते हैं भरोसा

कहते हैं, संवाद केवल शब्द नहीं, भरोसे की भाषा होते हैं। इसमें सिर्फ बोलना ही नहीं, सुनना और समझना भी शामिल होता है। जब हम किसी की बातें ध्यान से सुनते हैं, जरूरत के मुताबिक सही सलाह देकर उसका संबल बनते हैं तो दो दिलों के बीच भरोसे का एक गहरा रिश्ता बनता है।

अकसर जब रिश्तों में मनमुटाव आता है, हम सोचते हैं, 'हर बार पहल मैं ही क्यों करूं?' या 'उसे जरूरत होगी तो वह खुद संपर्क करेगा।' यह सोच धीरे-धीरे रिश्तों को बिखेर देती है। कभी-कभी बिखरे मोती समेटने के लिए झुकना पड़ता है। रिश्तों में झुकना कमजोरी नहीं, एक बड़प्पन है। एक छोटा-सा संवाद 'कैसे हो?' किसी के सूने मन को झंकृत कर सकता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, रिश्तों में सहज संवाद को स्थान दें। इसलिए कभी-कभी अपनों के लिए फोन उठाइए और बिना किसी औपचारिकता के बात करें। उससे बात करने के लिए घर भी पहुंच जाएं। अपने घर में भी भोजन करते समय मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें, अपने परिवार के साथ दिनभर की बातें साझा करें, पति/पत्नी के मन की सुनिए, बच्चों की जिज्ञासाओं पर ध्यान दें ताकि वे अपने मन की बातें आपके सामने खुलकर करें। आप भी उनको आवश्यतानुसार अपना मार्गदर्शन दे सकें। इस तरह के प्रयास और दिल से बोले संवाद रिश्तों को हमेशा मधुर बनाए रखते हैं। तो अपनों से संवाद बनाए रखें, रिश्ते सहेज कर रखें।

वास्तु सलाह
अनीता जैन, वास्तुविद

अगर वास्तु नियमों का ध्यान रखा जाए और उसके अनुसार घर की सजावट की जाए तो समृद्धि और सकारात्मकता बनी रहती है। इसके लिए किन उपायों पर अमल करना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

# घर की सजावट में वास्तु संतुलन बनी रहेगी सकारात्मक ऊर्जा

वास्तु शास्त्र केवल घर-ऑफिस बनवाते समय दिशाओं के निर्धारण या निर्माण तकनीकों तक सीमित नहीं होता है, बल्कि यह हमारे जीवन के अनेक पहलुओं को प्रभावित करने वाली ऊर्जा का विज्ञान भी है। घर में रखी प्रत्येक वस्तु, चाहे वह सजावटी सामान हो, फर्नीचर हो या घरेलू उपकरण, हमारे अवचेतन मन पर गहरा प्रभाव डालती है। यदि इनका स्थान और चयन वास्तु सिद्धांतों के अनुरूप हो, तो जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और उत्साह बना रहता है। आइए जानें कि इंटीरियर डेकोरेशन के माध्यम से किस प्रकार हम अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रख सकते हैं।

**प्रवेश द्वार हो ऐसा:** घर के प्रवेश द्वार को वास्तु में अत्यंत शक्तिशाली क्षेत्र माना जाता है। यह न केवल आगंतुकों और मेहमानों पर अच्छा प्रभाव छोड़ता है, बल्कि यहीं से घर के भीतर ऊर्जा का प्रवाह आरंभ होता है। इसलिए इस क्षेत्र को सदैव स्वच्छ रखें और यहां शुभ प्रतीक जैसे



स्वास्तिक, ॐ, कलश, घंटी, शंख, मछलियों का जोड़ा या आशीर्वाद मुद्रा में गणेश जी की तस्वीर लगाना शुभ माना गया है। फूलों का तोरण, विशेष तौर पर ताजे या कृत्रिम साफ-सुथरे फूलों से बना, द्वार को आकर्षक और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर बनाता है।

**सजावट में शुभता-सौम्यता:** घर की दीवारों पर लगाई गई तस्वीरें या शोपीस हमारे मनोभावों को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। युद्ध, खंडहर, सूखे पेड़ या हिंसक जानवरों की छवियां घर में अशांति ला सकती हैं। इसके विपरीत दौड़ते हुए घोड़े की तस्वीर (पूर्व या उत्तर-पश्चिम में), हाथी (उत्तर या दक्षिण में) और गाय की तस्वीरें (पूर्व या दक्षिण-पूर्व में) सकारात्मक ऊर्जा, यश और शांति को आमंत्रित करती हैं।






**पौधों से आती है ताजगी-समृद्धि:** ड्रॉइंग रूम में उत्तर या पूर्व दिशा में मनीप्लांट, बैंबू बंच या छोटे इंडोर पौधे लगाने से वातावरण में ताजगी और घर में समृद्धि बनी रहती है। इस स्थान पर सूखे, कांटेदार या बोंसाई पौधों को लगाने से बचना चाहिए क्योंकि ये अवरोधक ऊर्जा का प्रतीक होते हैं। घर की उत्तर दिशा में लहलहाते खेत या जंगल का चित्र कार्य में सफलता और धन वृद्धि लाने में सहायक होता है।

**देवस्थान और प्रकाश का संतुलन:** उत्तर-पूर्व दिशा को पूजा, ध्यान और प्रार्थना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है। बेहतर होगा इस स्थान पर अपने ईष्टदेव की तस्वीर या प्रतिमा लगाएं। दिवंगत परिजनों की फोटो दक्षिण-पश्चिम में और गुरु की तस्वीर पश्चिम दिशा में लगाने से आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रवाह होता है। घर में प्रकाश की व्यवस्था भी संतुलित होनी चाहिए। रोशनी की सही मात्रा, घर में ऊर्जा को संतुलित करती है।

### इन उपायों से घर बनेगा ऊर्जावान



- बेडरूम में दो हंसों या लव बर्ड्स का शोपीस या राधा-कृष्ण की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाएं।
- रसोई में गैस स्टोव दक्षिण-पूर्व और पानी का कलश उत्तर-पूर्व दिशा में रखें।
- ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित जल अर्पण करें और दीपक जलाएं।
- उत्तर, ईशान और पूर्व दिशा में हल्के सामान जबकि दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम दिशा में भारी फर्नीचर रखें। परदों के रंग भी दिशाओं के अनुसार तय करें।

केयर
डॉ. सरोज राय, डर्मेटोलॉजिस्ट

# तब बारिश में नहीं होगी स्किन-हेयर प्रॉब्लम

बहुत सी महिलाएं रेनी सीजन में फेस पर होने वाले पिंपल्स और पिगमेंटेशन से परेशान हो जाती हैं तो कई महिलाओं को हेयर फॉल का भी सामना करना पड़ता है। इन दोनों सीजनल प्रॉब्लम्स से राहत पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**न छोड़ें सनस्क्रीन लगाना:** कई महिलाएं सोचती हैं कि सनस्क्रीन केवल तेज धूप के दिनों में ही लगानी चाहिए। सच्चाई तो यह है कि जब आसमान में बादल छाए रहते हैं, यानी बरसात के दिनों में भी सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें (यूवी रेज) नुकसानदेह साबित होती हैं। मौसम चाहे जो भी हो, कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन आपको अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए।

**करें स्कैल्प की सफाई:** पसीने और



वातावरण में मौजूद नमी के कारण सिर की त्वचा में इंफेक्शन या डेंड्रफ की प्रॉब्लम हो सकती है। इनसे बचने के लिए बारिश के दिनों में नियमित तौर पर किसी माइल्ड शैंपू से बालों को साफ करें। बारिश में भीग जाएं तब भी बालों को साफ कर पॉल्यूटेंट्स और बारिश का पानी हटा लें। सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ रखना फंगल इंफेक्शन और दूसरी समस्याओं से बचाव करता है।

**क्रीम-ऑयली प्रोडक्ट का यूज:** हैवी गाढ़ी क्रीम और ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल मानसून के नमी वाले मौसम में त्वचा के पोर्स को बंद कर सकता है। इनकी जगह लाइट वेट क्रीम नॉन कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर और सीरम का उपयोग किया जाना चाहिए, जो त्वचा को बिना चिपचिपा किए नमीयुक्त रखता है।



**ना हो हाइड्रेशन की कमी:** हालांकि इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी महसूस होती है, लेकिन आपकी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि आप इस मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपने आहार में पानीयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फेशियल मिस्ट का उपयोग भी कर सकती हैं।

**स्किन रखें ड्राय:** बारिश में भीगने के बाद फंगल इंफेक्शन और त्वचा की जलन से बचने के लिए इसे ठीक से सुखाना जरूरी है। खासतौर पर जांघों, अंडर आर्म्स की स्किन को ड्राय रखने पर विशेष ध्यान दें।

**अधिक एक्सफोलीएशन से बचें:** बेशक स्क्रबर, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करती है, लेकिन इसके अधिक उपयोग से आपकी त्वचा से आवश्यक तेल निकल सकता है। मानसून के दौरान महीने में एक या दो बार तक ही स्क्रबर का उपयोग करें। इस मौसम में चटपटे व्यंजन अधिक ना खाएं।

प्रस्तुति: चेतना झा

योगोपचार
कौशल किशोर, योगाचार्य

कई महिलाएं और लड़कियां, पीरियड्स के दौरान पेट दर्द, थकान, सिर दर्द या मूड स्विंग से परेशान रहती हैं। इन प्रॉब्लम्स से राहत के लिए आप कुछ योगसनों का अभ्यास कर सकती हैं। यहां कुछ ऐसे ही योगसनों की विधि के बारे में बताया जा रहा है।

# पीरियड्स के दौरान उपयोगी हैं ये योगासन

पहले के दौर में ऐसी धारणा थी कि पीरियड्स के दौरान कोई भी वर्कआउट या योगासन नहीं करना चाहिए। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने स्टडी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि कुछ योगासन करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से आराम मिल सकता है। हम आपको यहां कुछ ऐसे ही उपयोगी आसनों के बारे में बता रहे हैं।

**वज्रासन:** सबसे पहले दरी या योगासन मैट बिछा लें। उसके बाद अपने घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठ जाएं। दोनों एड़ियों को एक-दूसरे से थोड़ा अलग रखें और अपने दोनों पंजों पर नितंब को टिकाएं। इस दरम्यान पीठ, गर्दन और अपने सिर को सीधा रखें और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। यह ध्यान रखें कि हथेलियां नीचे की ओर रहें। अपनी आंखें बंद करें और धीरे-धीरे सांस लें फिर छोड़ें। फिर 5 से 15 मिनट तक इसी स्थिति में रहें। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत मिलेगी।

**शशांक आसन:** इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कानों के पास सीधा रखें। धीरे-धीरे अपनी सांस को छोड़ते हुए आगे की



वज्रासन



शशांक आसन

ओर झुकाएं और माथा जमीन से लगाएं। अपने हाथ को भी सामने जमीन पर ही रखें। पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें और कुछ समय इसी स्थिति में रहें। सांस लेते हुए वापस वज्रासन की स्थिति में आ जाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम:** इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या वज्रासन में रीढ़ को सीधा करके बैठ जाएं। आंखें बंद कर अपने शरीर को एकदम शांत करें। अपने दोनों हाथों की पहली अंगुली को माथे पर रखें। मध्यमा अंगुलियों से आंखों को बंद करें। अनामिका से नाक के पास गालों को हल्का दबाएं और अंगूठों से दोनों कानों को बंद करें। गहरी सांस लें और सांस को छोड़ते हुए भौरें जैसी आवाज करें। यह प्रक्रिया 5 से 10 बार दोहराएं।

**मेरुवक्रासन:** योगा मैट पर सीधा बैठ कर पैर आगे की ओर फैलाएं। अपने बाएं पैर को मोड़कर उसका तलवा दाएं घुटने के पास रखें। दायां हाथ बाएं घुटने के बाहर रखें और बाएं हाथ को पीछे जमीन पर टेक लगा दें। अपनी रीढ़ को सीधा रखते हुए धीरे-धीरे धड़ को बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद वापस धीरे से आ जाएं। अब यही प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।

**ताड़ासन:** ताड़ासन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों पैरों को एक साथ मिलाएं। अपने हाथों और पीठ को सीधा रखें। सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाएं। उस समय हथेलियां आपस में जुड़ी हुई रहनी चाहिए। अब अपनी एड़ियों को उठाकर पंजों के बल खड़े हो जाएं और अपने पूरे शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह ऊपर की ओर खींचें। थोड़ी देर इस स्थिति में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।



इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इसे अच्छी तरह सीख लें।

प्रस्तुति: संध्या रानी

## खबर संक्षेप



### आदर्श स्कूल में बच्चों ने पूल पार्टी का लुत्फ उठाया

**महम।** आदर्श स्कूल मदीना में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों के लिए एक शानदार और मजेदार पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर पानी में खूब मस्ती की। स्कूल में लगाए गए छोटे-छोटे पूल और मधुर संगीत ने माहौल को और भी आनंददायक बना दिया। उप प्रधानाचार्या अंशु हुड्डा ने कहा इस तरह के आयोजन बच्चों में नई ऊर्जा भरते हैं और उनका मनोबल बढ़ाते हैं।

### पूर्व विधायक कुंडू ने की मुआवजा देने की मांग

**महम।** हरियाणा जनसेवक पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने महम क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर वहां जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सैमाण, बेडवा और भैणीसुरजन गांवों में बरसाती पानी के जमा होने से परेशान लोगों से बातचीत की। कुंडू ने आश्वस्त किया कि वह क्षेत्र के लोगों के साथ खड़े हैं। सरकार पर दबाव बनाकर यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पीड़ित व्यक्ति को नुकसान का उचित मुआवजा मिले।

### रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में प्राचार्य सुरेंद्र कुमार लाकड़ा की अध्यक्षता में 14 जुलाई को रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में कला, संगीत और संस्कृति का जीवंत उत्सव देखा गया। नोडल अधिकारी सुरेंद्र लाकड़ा के नेतृत्व में और बीआरपी अरविंद विकास तथा प्रवक्ता राकेश कुमार के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में कलानौर ब्लॉक के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बीएमयू में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से कोई समझौता नहीं होगा: कुलाधिपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सत्र 2025 26 की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में शिक्षण सत्र 2025-26 के सुचारु संचालन और विद्यार्थियों को उत्तम शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सोमवार को विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी ने की, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार, एकेडमिक डीन डॉक्टर नवीन कुमार सहित सभी फैकल्टी डीन, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे। कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन से विश्वविद्यालय कभी कोई समझौता नहीं करेगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर विद्यार्थी को बेहतर शिक्षा, श्रेष्ठ वातावरण और समग्र विकास की दिशा में समुचित मार्गदर्शन प्राप्त हो।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया अंतिम चरण में है, और इसे पारदर्शिता व कुशलता से पूर्ण किया जा रहा है। महंत योगी ने सभी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में शिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखें, समयबद्ध कक्षाएं संचालित करें और विद्यार्थियों के साथ संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

आज 52 कोर्स, 9 फैकल्टी और 14 विभागों वाला यह विश्वविद्यालय लगातार उन्नयन की दिशा में अग्रसर है। महंत योगी ने सभी फैकल्टी सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए और कहा कि हम केवल शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों से ही नहीं, विद्यार्थियों से भी निरंतर फीडबैक लेते रहते हैं। अगर किसी स्तर पर कोई कमी या सुझाव आता है, तो हम उस पर त्वरित अमल में लाते हैं। कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रयास है कि आने वाले सत्र में अकादमिक गतिविधियों को और अधिक गतिशील बनाया जाए। उन्होंने कहा कि हम ऐसे शिक्षण वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं जिसमें विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान प्राप्त हो, बल्कि वे अनुसंधान, नवाचार और चरित्र निर्माण में भी उत्कृष्ट बनें।



### ई-लर्निंग संसाधन और क्लास रूम के उन्नयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने बैठक में तकनीकी और प्रशासनिक दृष्टिकोण से विश्वविद्यालय की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने नई तकनीकी सुविधाएं, ई-लर्निंग संसाधन और कक्षा-कक्षों के उन्नयन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक सुविधाओं का भी सर्वोत्तम अनुभव देना है।

## एमडीयू के छात्रावासों को आधुनिक सुविधाओं से किया सुसज्जित: कुलपति

# एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने नए सत्र का हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस जारी किया

कुलपति ने बताया कि एमडीयू में लड़कों के लिए कुल 10 हॉस्टल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 2800 छात्रों के रहने की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, लड़कियों के लिए भी 10 गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था है, जिनमें 2500 छात्राएं रह सकती हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को छात्र एवं छात्राओं के लिए नए सत्र के हॉस्टल प्रॉस्पेक्टस को जारी किया। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन समेत एमडीयू के अधिकारियों इस दौरान विशेष तौर पर मौजूद रहे। बॉयज और गर्ल्स हास्टल का प्रॉस्पेक्टस जारी करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि शिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, अनुशासित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। इसी दिशा में विश्वविद्यालय के छात्रावासों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर रहने का वातावरण मिल सके। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि एमडीयू में लड़कों के लिए कुल 10 हॉस्टल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 2800 छात्रों के रहने की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, लड़कियों के लिए भी 10 गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था है, जिनमें लगभग 2500 छात्राएं रह सकती हैं। इस बार पीजीआई को दिया गया गर्ल्स हास्टल भी वापस ले लिया गया है, जिससे अब एमडीयू की 300 और छात्राओं को छात्रावास की सुविधा मिल सकेगी। कुलपति ने बताया कि शोधार्थियों के लिए बॉयज हास्टल में इस सत्र में पीएचडी हास्टल भी प्रारंभ हो जाएगा, जिसमें 150 पीएचडी छात्र रह सकेंगे। इसके अतिरिक्त, विदेशी छात्रों के लिए एक वातानुकूलित इंटरनेशनल हॉस्टल है, जिसमें 150 अंतरराष्ट्रीय छात्र ठहर सकते हैं।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि नए सत्र में जल्द ही लड़कियों के हॉस्टल में एक आधुनिक रीडिंग हॉल प्रारंभ होगा, जिसमें लगभग 80 लाख रुपये की लागत से कंप्यूटर लैब और अन्य शैक्षणिक संसाधनों की स्थापना की जाएगी। यह सुविधा 'पीएम-उषा' योजना के अंतर्गत प्रदान की जा रही है, जो छात्राओं की शिक्षा में डिजिटल क्षमता को बढ़ावा देगी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के लिए भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी विशेष व्यवस्था की है। सभी छात्रावासों में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि छात्रों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन सुलभ हो सके। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार, प्रत्येक हॉस्टल में गैस चूल्हों की व्यवस्था की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. हरीश कुमार, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन, प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दूरेजा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि, लाइब्रेरियन डा. सतीश मलिक, चीफ कंसल्टेंट सिक्युरिटी ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग, डिप्टी चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. प्रतिमा देवी, चीफ वार्डन बॉयज प्रो. सुधीर कुमार, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया, उप निदेशक जनसंपर्क डॉ. नवीन कुमार, कुलपति कार्यालय के अधीक्षक खैराती लाल, पीआरओ पंकज नैन, हास्टल कर्मी, ज्योति बहल तथा संजय कुमार उपस्थित रहे।



### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी में कार्यशाला संपन्न

**रोहतक।** गांव घुसकानी स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला सोमवार को संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं तकनीकी कौशल को प्रोत्साहित करना था। कार्यशाला में छात्रों ने विभिन्न विज्ञान व तकनीक आधारित प्रोजेक्ट्स बनाकर अपनी रचनात्मकता और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा ईवीएम मशीन, स्मार्ट लॉकर, कैलकुलेटर, मोबाइल से नियंत्रित स्मार्ट लाइट, दुर्घटना निवारण प्रणाली, बैरियर व काउंटर युक्त स्मार्ट ट्रैफिक लाइट, पल्स एवं हार्ट रेट कैलकुलेटर, स्मार्ट किचन, स्मार्ट एयर डिटेक्टर, गीले और सूखे कचरे को अलग करने वाली वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली, स्मार्ट रडार सिस्टम, स्मार्ट फायर डिटेक्टर, स्मार्ट अंडरपास सिस्टम, फसलों के भंडारण हेतु स्मार्ट रूफ, खेत की सीमा को चिन्हित करने वाला स्मार्ट सेंसर व ब्लूटूथ आधारित ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सहायता प्रणाली आदि प्रमुख प्रोजेक्ट्स बनाए गए।



### रैकलेस ड्राइविंग बारे जागरूक किया

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान द्वारा जुलाई में रोड रूल्स लाइव टूल्स कैंपेन के अंतर्गत पुलिस विभाग के सहयोग से सोमवार को दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय के समीप रैकलेस ड्राइविंग बारे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीजेएम खान ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जा रहा है कि यदि अगर कोई भी लापरवाही की वजह से सडक़ दुर्घटना हो जाती है तो दुर्घटना स्थल पर मौजूद हर व्यक्ति को निसंकोच होकर दुर्घटना पीड़ितों की मदद करनी चाहिए तथा घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाना चाहिए। ऐसा करके नागरिक घायल व्यक्तियों की अमूल्य जिंदगी को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर ऐसे व्यक्तियों को नया जीवन दे सकते है। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने सुपवा यूनिवर्सिटी के बच्चों व आम जनता को यह संदेश दिया कि सडक़ पर वाहन चलाते समय सभी संबंधित दस्तावेज साथ रखें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। ऐसा करने से वाहन चालक का ध्यान सडक़ से हटकर दूसरी तरफ हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप सडक़ दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है।

### सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन ने किया सर्वेक्षण, 62 प्रतिशत हरियाणवी प्रयोग करते हैं गालियां

रोहतक। सेल्फी विद डॉटर फाउंडेशन के फाउंडर व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार उनके अंतरराष्ट्रीय अभियान गाली बंद घर के तहत किए गए एक सर्वेक्षण से उजागर हुआ है कि हरियाणा व अन्य राज्यों में गालियां देना लोगों की आदत बन चुका है तथा इसमें बड़ा प्रतिशत लड़कियों का भी शामिल हुआ है। 20 प्रतिशत ऑनलाइन वीडियों गेम, सोशल मीडिया, ओटीटी प्लेटफार्म से जुड़े रहने युवा युवतियों ने अनजाने ही जुबान पर गाली रखना सीखा है। सर्वे के मुताबिक, हरियाणा 62, दिल्ली 80, पंजाब 78, उतर प्रदेश 74, राजस्थान 68, बिहार 74 प्रतिशत में गालियों का प्रचलन देश में सबसे ज्यादा है तथा कश्मीर में 15 प्रतिशत देश में सबसे कम गालियां दी जाती है। कश्मीर के बाद उड़ीसा, तेलंगाना के अलाव सेवन सिस्टर स्टेट के नाम से मशहूर नार्थ ईस्ट के राज्यों में भी गाली का प्रतिशत अन्य राज्यों से 30 प्रतिशत कम है। गुजरात में 55, मध्य प्रदेश में 48, उत्तराखंड 45, महाराष्ट्र 58 राज्य शामिल हैं। पूरे देश में तथा बेटी की गाली हरियाणा, राजस्थान में सबसे ज्यादा दी जाती है। 30 प्रतिशत लड़की व महिलाएं भी देती व सुनती है मां बहन बेटी की गालियां।



### अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों का तुरंत करें निपटारा : अतिरिक्त उपायुक्त

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का तुरंत निपटारा करें। प्रदेश सरकार की नई पहल के तहत हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन्ही शिविरों में सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का एक छत के नीचे यथासंभव निपटारा किया जा रहा है। नरेंद्र कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपमंडलाधीश आशीष कुमार तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इन शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पेयजल व सीवर से संबंधित शिकायतों के निपटारे के निर्देश दिए। समाधान शिविर में राजस्व, नगर निगम, पुलिस, उद्यान विभाग इत्यादि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निपटारे के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक प्रबंध करें तथा आम जनता को जागरूक करें। उन्होंने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि नागरिक अपने आसपास खुले में पानी न एकत्रित होने दें। इन बीमारियों को फैलाने वाले मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते है। आसपास गड्ढे से पानी निकाले और यदि ऐसा संभव नहीं है तो पानी पर मिट्टी या काला तेल अथवा लारवा नाशक दवा डाले। तालाबों में गम्बुजिया मछली छोड़े।

### नेशनल टिंबर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल वानिकी विरोधी

**रोहतक।** जन सेवा ट्रस्ट और अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने कहा है कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा खेत की भूमि पर पेड़ लगाने व काटने के नए नियम जारी किए गए हैं नए नियमों अनुसार भू स्वामी पेड़ लगाने व काटने के लिए स्वतंत्र नहीं होंगे। पेड़ लगाने के लिए नेशनल टिंबर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा कर अनुमति लेनी होगी। लगने वाले पौधों की प्रजाति व भूमि का ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करना होगा तथा स्थिति अपडेट करनी होगी। सरकार ने ये फैसला नेशनल एग्रोफोरेस्ट्री पॉलिसी 2014, इंटरनेशनल फ्रेमवर्क के तहत भारत की पेरिस समझौते के प्रति प्रतिबद्धता को ध्यान में रखकर किया है। सरकार दावा कर रही है कि मॉडल नियम से कृषि वानिकी भूमि पंजीकरण, पेड़ों की कटाई और परिवहन जैसी प्रक्रिया सरल हो जाएगी, किसान एग्रो फॉरेस्ट्री के लिए प्रोत्साहित होंगे व टिंबर उत्पादन बढ़ेगा। परंतु मॉडल नियम किसान व वानिकी विरोधी है। किसान सभा राज्य महासचिव सुमित दलाल ने बताया कि किसान अनाज, दलहन, तिलहन व अन्य फसलों के बीच व खेतों के किनारे वृक्ष लगाकर आय बढ़ाने का प्रयास करता है।

# खेड़ी महम में पहुंचे सांसद हुड्डा, शिवानंद आश्रम में हॉल का शिलान्यास किया

■ दीपेंद्र ने डीसी से बरसाती पानी निकासी को कहा है, जल्द समाधान करवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सोमवार शाम को खेड़ी महम गांव पहुंचे। यहां उन्होंने शिवानंद धर्मार्थ औषधालय में ब्रह्मलीन स्वामी निरंजन गिरी जी महाराज की याद में बनाए जाने वाले हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह हॉल 31 लाख रुपए की लागत से बनाया जाएगा। उन्होंने गांव में सामान्य चौपाल का उद्घाटन भी किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि आज उन्होंने इलाके के गांवों में जलभराव क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया है। बरसाती पानी से फसलें डूब गई हैं और कई गांवों तो घरों व गलियों में भी पानी भर गया है। लोग काफी परेशान हैं। गांव बहलबा, सैमाण, भैणीसुरजन, भैणीचंद्रपाल, भैणी महाराजपुर और भैणीभैरों आदि गांवों में बारिश से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने रोहतक के जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह से बातचीत की है और जल्द ही पानी निकासी के इंतजाम करने को कहा है। डीसी ने उन्हें बताया है कि महम क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। जल्द ही पानी की निकासी कर दी जाएगी। मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, बरौदा हलका से विधायक इंदूराज नरवाल, महम से विधायक बलराम दांगी, डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा, लाइसियम स्कूल के संचालक सतीश सिवाच व पूर्व चेयरमैन अजीत सिंह समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



**महम।** शिवानंद आश्रम में मौजूद सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, विधायक बलराम दांगी, विधायक इंदूराज नरवाल, डॉक्टर कृष्ण कुमार लांबा व अन्य।



# पुलिस लाइन में जवानों ने किया योग अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगा अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में जवानों ने योगा ट्रेनर के कुशल मार्गदर्शन में व्यायाम किए। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। जवानों को योग कराया। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानों को ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। जवानों को योग आसन का भी अभ्यास करवाया। इस दौरान योग शिक्षक ने जवानों को योग के फायदे बताएं तथा स्वस्थ रहने के मूल-मंत्र दिए। उन्होंने जवानों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायों बारे भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थय का ध्यान रखे व रोजाना अपने लिए समय निकाल कसरत करने बारे सलाह दी।

# 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत भाजपा ने मंदिर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव इस्माइला-11बी स्थित हनुमान मंदिर में भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री भूपेंद्र खत्री की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने एक पेड़, एक व्यक्ति की शपथ ली और पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में अपने योगदान का संकल्प लिया।

श्रावण माह के पहले सोमवार के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल और जिला महामंत्री अभिनन्दन भारद्वाज की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम के दौरान गांववासियों ने नवीन ढुल को जिला उपध्यक्ष बनने पर बधाई दी एवं फूल-मालाओं और जयघोष के साथ स्वागत किया। नवीन ढुल ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का अत्यधिक महत्व है। इन्हें लगाने से न केवल पर्यावरण साफ-सुथरा रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी धरोहर बनेगी। हम सबका कर्तव्य है कि हम इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इनकी दिशा और प्रयासों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है, और इसी दिशा में वृक्षारोपण जैसे अभियानों की आवश्यकता है।

अभिनन्दन भारद्वाज ने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन असंभव है, इसलिए हमें इनकी देखभाल करना और नए पेड़ लगाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इन नेताओं के मार्गदर्शन से हम सबको अपनी जिम्मेदारी समझने का अवसर मिलता है और वृक्षारोपण जैसे कार्यों को आगे बढ़ाने का साहस मिलता है।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

मौके पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, प्रेमदत्त कौशिक, पवन खत्री, राजीव कौशिक, विक्की खत्री, पवन भारद्वाज, पं. लोकेश शर्मा पवन प्रजापत, रामकुमार खत्री, अमन जांगलान संतराम जांगड़ा, रणजीत पहलवाल, विशाल प्रजापत, बृजेश ढीला, ऋषिपाल, आशीष रुखी, भूपसिंह, अनिल खत्री मौजूद रहे।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान में लोग लगाएं ज्यादा से ज्यादा पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सोमवार को जिला रेडक्रॉस समिति एवं अस्पताल कल्याण समिति द्वारा पौधारोपण अभियान का शुभारंभ कामकाजी महिला आवास एवं अर्पण-श्रवण परिसर से उपायुक्त की पत्नी एवं अस्पताल कल्याण समिति की अध्यक्षा सुमन बाला ने किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि श्रावण मास में सोमवार के दिन पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करने का लक्ष्य यही है कि अपने चारों ओर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। उन्होंने इस अवसर पर कामकाजी महिला आवास अर्पण, श्रवण, टीचर ट्रेनिंग सेंटर में भी पौधारोपण करते हुए कहा कि रेडक्रॉस समिति द्वारा संचालित सभी सेंटरों में पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर, प्रोजेक्ट मैनेजर टी आई प्रीति, तान्या, मीना, आशीष, शर्मिला, सुमन मदान, मीनू वॉलिंटियर पिंकी, राखी, मंजू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पेशाब की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श नि:शुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar

## खबर संक्षेप



### दादा लख्मीचंद विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक समारोह आज

**रोहतक।** दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा ) में आज मंगलवार को सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय, जिसका नाम स्वयं पंडित लख्मीचंद के नाम पर रखा गया है, उनकी जयंती को इतनी व्यापक और गरिमामयी तरह से मना रहा है। इसका उद्देश्य लोक परंपराओं, प्रदर्शन कलाओं और क्षेत्रीय कथाओं की स्थायी शक्ति के प्रति नई पीढ़ी में रूचि और सम्मान को पुनर्जीवित करना है।

यह दिनभर चलने वाला आयोजन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें दादा लख्मीचंद के प्रपौत्र पंडित विष्णु दत्त और उनके समूह द्वारा विशेष रागनी प्रस्तुति दी जाएगी। यह सत्र पंडित की काव्य और लोकसंगीत परंपरा की जीवंत प्रस्तुति करेगा, जो हरियाणा की समृद्ध मौखिक लोक-संस्कृति की दुर्लभ झलक देगा। अभिनेता यशपाल शर्मा तथा फिल्म की पूरी टीम भी उपस्थित रहेगी और विश्वविद्यालय के छात्रों एवं संकाय सदस्यों से संवाद करेगी।

### सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मिलने पहुंचे दुष्यंत

**रोहतक।** पूर्व डिप्टी सीएम एवं जेजेपी के सीनियर लीडर दुष्यंत चौटाला पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के घर पहुंचे। वहां मौजूद सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ कुछ देर बंद कमरे में बातचीत हुई और फिर दोनों निकल गए। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला शाम को शहीद लोकेंद्र सिंधु के घर शोक प्रकट करने पहुंचे, उसी समय रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी वहां मौजूद थे। दोनों साथ में बैठे हुए थे। इसके बाद दीपेंद्र हुड्डा वहां से निकले तो उनके पीछे दुष्यंत चौटाला भी निकल गए और दोनों डी पार्क स्थित मातूराम भवन पहुंचे। जहां कुछ देर दोनों के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई।

### डॉ. राजवंती शर्मा बनीं एमडीयू खेल परिषद की अध्यक्षा

हरिभूमि न्यूज. रोहतक
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय, बहादुरगढ़ की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा को एमडीयू खेल परिषद की अध्यक्षा मनोनीत किया है। खेल निदेशक एवं एमडीयू खेल परिषद की सचिव डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि बतौर अध्यक्ष, एमडीयू खेल परिषद डॉ. राजवंती शर्मा की नियुक्ति 1 जुलाई से दो वर्ष हेतु की गई है। डॉ. राजवंती शर्मा एग्जीक्यूटिव बोर्ड की एक्स-ऑफिशियो प्रेसिडेंट भी रहेंगी।

# हत्या का मामला : विक्की बॉक्सर सहित पांच आरोपी सबूतों के अभाव में बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एडिशनल सेशन जज डॉ. भूपेंद्र कुमार की अदालत ने छात्र विरेंद्र कादयान हत्याकांड में सुनवाई की। जिसमें आरोपी विक्की बॉक्सर निवासी चाणक्यपुरी, दीपक उर्फ गुरु निवासी खरक जाटयान, विजय निवासी जसराना और राहुल राठौर निवासी निंदाना सहित एक अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मामले में 2018 से सुनवाई चल रही थी। दोनों तरफ से गवाह, सबूत पेश किए गए। जिसके बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक दो मई 2018 को कुछ छात्र खाना लेने के लिए शीला बाईपास के ढाबे पर गए थे। जिनमें झज्जर निवासी वीरेंद्र भी शामिल था। इस दौरान कुछ लोगों ने गाड़ी में आकर विरेंद्र को गोली मार दी थी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। विरेंद्र के साथी उसे उपचार के लिए पीजीआईएमएस ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

### विरेंद्र के चचेरे भाई की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था

*आरोपित पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में विरेंद्र के चचेरे भाई की शिकायत पर विक्की बॉक्सर, दीपक, विजय, राहुल राठौर सहित अन्य पर हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में कोर्ट में तभी से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने सबूतों के अभाव में पांचों आरोपितों को बरी करने के आदेश जारी किए थे। वकील सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि शीला बाईपास पर ढाबे पर गोली चली थी, जिसमें वीरेंद्र नामक व्यक्ति की मौत हो गई। इसमें 5 लोगों को आरोपी बनाया गया, जिनमें विक्की बॉक्सर, उसका भाई विजय बॉक्सर, अमर भैंसवाल, राहुल राठौर और दीपक उर्फ गुरू शामिल हैं।*



अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा

### दो गवाह मुकरे, एक की गवाही संदेहास्पद



**आरोपियों को पहचानने से इनकार किया**

*वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि मामले में कोर्ट के दौरान गवाही देने के लिए 3 लोग आए, जिनमें से दो लोगों ने आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया। जबकि एक गवाह ने आरोपियों की पहचान की, लेकिन उसकी गवाही संदेहास्पद थी, जिसके कारण कोर्ट ने उसकी गवाही को मान्य नहीं किया।*

### पुलिस नहीं कर पाई ठोस सबूत पेश

इसके अलावा हत्या में आरोपी बनाए गए पांचों युवकों के खिलाफ पुलिस कोई भी ठोस सबूत पेश नहीं कर पाई। पुलिस का कहना था कि ढाबे पर सीसीटीवी है, लेकिन वहां कोई सीसीटीवी नहीं था। आसपास के लोगों को भी चश्मदीद गवाह बनाकर पुलिस सबूत पेश नहीं कर पाई। सबूतों के अभाव में कोर्ट ने पांचों व्यक्तियों को बरी कर दिया।

## पंडित भगत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक की डेटशीट तैयार

# इस बार हेल्थ यूनिवर्सिटी परिसर में हो सकती हैं एमबीबीएस परीक्षाएं, 2 अगस्त से पेपर शुरू

- एग्जाम सेंटर पर फिलहाल असमंजस
- कर्मचारियों ने गत वर्ष दोबारा से हल करवा दी थी उत्तर-पुस्तिकाएं

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

गत वर्ष पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक की एमबीबीएस परीक्षा में कर्मचारियों द्वारा ही पोती गई कालिख को लेकर इस बार यूनिवर्सिटी प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। 2 अगस्त से द्वितिय और 27 अगस्त से प्रथम वर्ष के एग्जाम शुरू होंगे। एग्जाम सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक होंगे। लेकिन कहां होंगे।

ये अभी तक यूनिवर्सिटी तय नहीं कर पाई है। बताया जा रहा है कि यूनिवर्सिटी चाहती है कि इस बार एग्जाम भी अपनी आंखों के सामने स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक परिसर में ही करवा लिए जाएं। ताकि परीक्षाओं को लेकर ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरती जा सके। एग्जाम रोहतक में ही होंगे,ये अभी तक तय नहीं किया गया है। इसे लेकर लगातार मंथन किया जा रहा है।



### परीक्षा करवाने को विवि के पास पूरे संशाधन

भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि परीक्षाओं में गड़बड़ियां रोकनी हैं तो सबसे पहले नजरों के सामने ही एग्जाम करवाए जाएं। हालांकि पिछले साल परीक्षा होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं पर दोबारा से लिखा गया था। विश्वविद्यालय की सोच है क्यों न इस बार एग्जाम ही यूनिवसिटी कैंपस में करवा लिए जाएं। परीक्षा सेंटर के लिए तमाम तरह के संसाधन विश्वविद्यालय के पास हैं। प्रदेश में पीजीआईएमएस रोहतक, आदर्श मेडिकल कॉलेज शाहबाद, मेडिकल कॉलेज अग्रोहा, एनसी मेडिकल कॉलेज इसराना पानीपत और वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज झज्जर हैं। इन मेडिकल कॉलेज में ही एक दूसरे के लिए परीक्षा केंद्र बनाए जाते थे। लेकिन अबकि बार शायद ही ऐसा हो।

**ये था मामला**

### 2024 की परीक्षाओं में हुआ था फर्जीवड़ा

अगस्त 2024 में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की परीक्षाएं हुई। इसके बाद इनमें फर्जीवाड़े का खेल कर्मचारियों ने परीक्षार्थियों से मिलकर खेला। विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने गोपनीय शाखा से एमबीबीएस की उत्तर पुस्तिकाएं निकाली। इन्हें दोबारा से हल करवाने के लिए छात्रों से पेपर चार से छह लाख रुपये लेकर लिए। उत्तर पुस्तिकाओं उन्हीं छात्रों से हल करवाई गई, जिनकी पुस्तिकाएं थी। फर्जीवाड़े की शिकायत विडियो समेत दूसरे दस्तावेजों के विश्वविद्यालय को की गई। इसके बाद मामले की विजिलेंस की जांच प्रारंभ हुई। जिसमें कई चौकाने वाले तथ्य उजागर हुए। विजिलेंस ने कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद यूनिवर्सिटी ने कई कर्मियों को नौकरी से हटा दिया।

**तैयारी**

### मोबाइल को लेकर बरत रहे सतर्कता

चूंकि पिछली बार मोबाइल से विडियो बनाकर ही फर्जीवाड़े का खुलासा किया गया था। इस बार विश्वविद्यालय मोबाइल को लेकर ही बेहद सतर्कता बरत रहा है। किसी एमबीबीएस छात्रों को किसी भी काम के लिए यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन स्थित किसी ब्रांच में वगैरह में कोई काम है तो मोबाइल के साथ किसी भी सूरत में इंट्री नहीं होने दी जा रही है। यहां तक कि अधिकारियों के कार्यालय में किसी भी बाहर व्यक्ति की इंट्री तभी होती है, जब वह अपना मोबाइल कार्यालय के गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मी को देगा। ध्यान रहे कि फर्जीवाड़े उजागर होने के बाद परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमरीश को पद से हटा दिया है। इनके स्थान पर अब परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी डॉ. सुखदेव सिंह चांदला को दी गई है। मामले में विवि के 24 छात्र और 17 अन्य लोग भी शामिल मिले थे।

# झूठी शिकायतों को लेकर नगर पालिका में धरना दिया



**सांपला।** नगर पालिका कार्यालय में धरना देते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में दिनभर लोगों का हंगामा रहा। पुलिस प्रशासन ने उन्हें समझाने का भी प्रयास किया लेकिन लोगों ने पुलिस की एक भी नहीं सुनी। चेतावनी दी जब तक शहर की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यो की भ्रष्टाचार की जांच नहीं होगी तब तक यह है हर रोज धरना जारी रहेगा। वहीं सफाई कर्मचारियों द्वारा झूठी शिकायतों को लेकर भी लोगों ने रोष प्रकट किया। सोमवार की सुबह करीब 10:30 बजे नगर पालिका के वाइस चेयरमैन योगेश कुमार के अध्यक्षता में सैकड़ों महिला पुरुष नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देख पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने लोगों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने उल्टे ही पुलिस पर आरोप जड़ दिए। उन्होंने कहा की पुलिस बिना किसी जांच के झूठी शिकायतों पर कार्रवाई के नाम पर उन्हें परेशान कर रही है। हंगामा करीब 4 बजे तक चला। लोगों ने जब नगर पालिका भ्रष्टाचार के आरोप लगाए उसे दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चेयरपर्सन व नगर पालिका सचिव व अन्य स्टाफ कार्यालय में उपस्थित था। सभी धरने पर बैठे लोगों से दूरी बनाए रहे और अपने कार्यालय में बैठे रहे।

### गलती मानी थी

एक सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को भी वाइस चेयरमैन के खिलाफ बदतमीजी के आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दी। थाना प्रभारी बिजेंद्र ने धरने पर बैठे लोगों से इस बारे में बताया। उसके बाद लोगों में और रोष बढ़ गया उन्होंने कहा कि रविवार को भी एक कर्मचारियों ने शिकायत दी थी। बाद में उन्हें पंचायत में माफी मांगी और अपनी गलती स्वीकार की थी।

# महम व कलानौर विधानसभा के बूथ लेवल अधिकारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नामतः 61-गढ़ी सांपला-किलोई व 62-रोहतक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को बीएलओ ऐप व वोटर हेल्पलाइन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। अब केवल 60-महम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उप मण्डल अधिकारी (ना) महम मुकुन्द तथा 63-कलानौर (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं अतिरिक्त उपायुक्त नरेन्द्र की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में नियुक्त सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को बीएलओ ऐप व वोटर हेल्पलाइन बारे 14 से 17 जुलाई 2025 तक प्रति दिन स्थानीय जिला विकास भवन के डीआरडीए सभागार व प्रथम तल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



### बीएलओ को प्रशिक्षण लेना अनिवार्य

प्रशिक्षण सभी बीएलओ द्वारा लिया जाना अनिवार्य है। ताकि सभी बीएलओ मोबाइल ऐप के द्वारा अपने-अपने मतदान केन्द्र पर स्थित होकर मतदाता सूची में नये मतदाताओं के नाम जोड़ने, इंद्राज त्रुटि को शुद्ध करने व मृतक मतदाताओं की वोट काटने आदि जैसे कार्य भारत निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार समय पर कर सकें।

# राजकीय आईटीआई कंसाला में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी, 216 सीट अब भी रिक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), कंसाला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्रक्रिया गतिशील है। अब तक 63 अभ्यर्थियों ने संस्थान में प्रवेश लिया है, जबकि संस्थान में कुल 276 सीटें उपलब्ध हैं। वर्तमान में 216 सीटें रिक्त हैं, जिनमें प्रवेश की प्रक्रिया द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से 14 जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई । 15 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवाई जा सकेगी। 16 जुलाई को तृतीय चरण के खाली पड़ी सीटों का डिस्प्ले किया जाएगा। 16 जुलाई से 19 जुलाई तक द्वितीय चरण में रिक्त सीटों के प्रति अपने आवेदन में संशोधन किए जा सकेंगे । 22 जुलाई से 26 जुलाई तृतीए चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग प्रारंभ होगी।

प्रवेश की स्थिति का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट होता है कि कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय इस वर्ष भी सर्वाधिक लोकप्रिय बना हुआ है। तकनीकी दक्षता और डिजिटल कौशल के बढ़ते महत्व के कारण यह व्यवसाय युवाओं की पहली पसंद बनता जा रहा है।

संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेंद्र हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई कंसाला युवाओं को न केवल गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है, बल्कि उन्हें स्वावलंबी, दक्ष, एवं रोज़गार योग्य बनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी भी बनाता है। उन्होंने कहा यह समय तकनीकी शिक्षा को अपनाने और अपने भविष्य को संवारने का सर्वोत्तम अवसर है।

### संस्थान में उपलब्ध प्रमुख व्यवसाय कोर्स



प्रधानाचार्य सुरेंद्र हुड्डा

संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेंद्र हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, स्टेनो हिंदी, स्टेनो इंग्लिश, ट्रैक्टर मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, प्लंबर एवं कॉस्मेटलोजी (ब्यूटीशियन) आदि कोर्स उपलब्ध हैं।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


## अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बैठक में दिए निर्देश

# सीईटी परीक्षा को लेकर सभी प्रबंध पूरे करें अधिकारी, लापरवाही नहीं बरतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को सामान्य पात्रता परीक्षा का दो शिफ्टों में आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस परीक्षा को नकल रहित संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाए। सरकार सीईटी के सुचारू आयोजन के लिए पूरी तरह गंभीर है। परीक्षा के लिए जिला में 83 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए है, जिनमें से 68 रोहतक शहर, 8 कलानौर व 7 परीक्षा केंद्र महम में स्थापित किए गए है। नरेंद्र कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े हुए थे। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सामान्य पात्रता परीक्षा का आयोजन 26 व 27 जुलाई को प्रातः कालीन व सायंकालीन दो शिफ्टों में किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए सभी तैयारियां की जा रही है। जिला में सीईटी की परीक्षा के लिए 83 परीक्षा केंद्र स्थापित है, जहां पर 21806 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। रोहतक में 68 परीक्षा केंद्रों पर 18266 परीक्षार्थी, कलानौर में 8 परीक्षा केंद्रों पर 1840 परीक्षार्थी तथा महम में 7 परीक्षा केंद्रों पर 1700 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं व प्रबंध किए जाए।



### परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करें

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उन्हें अलॉट किए गए परीक्षा केंद्रों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं को जांचे। परीक्षा केंद्रों में किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री उपलब्ध न हो। सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, बिजली व्यवस्था, बैंच, रैंप, व्हीलचेयर इत्यादि की व्यवस्था करवाई जाए ताकि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो। जिला में परीक्षा के लिए आने वाले परीक्षार्थियों के ठहरने व आवागमन के लिए विशेष योजना तैयार की जाए। जिला में परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने के लिए ई-रिक्शा व ऑटो की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ई-रिक्शा व ऑटो चालक अतिरिक्त किराया न वसूले।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत व अन्य संबंधित अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़ें। बैठक में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिकों ने शिविर में उठाई मांग बोले- विजय द्वार का पुनर्निर्माण शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कारगिल विजय दिवस नजदीक आते ही पूर्व सैनिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। शांतमई चौक पर शहीद सैनिकों की याद में बने विजय द्वार को रोड चौड़ीकरण के नाम पर हटाया गया था, लेकिन इसके पुनर्निर्माण में हो रही देरी से पूर्व सैनिकों में रोष है। इसी को लेकर सोमवार को हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त कार्यालय में चल रहे समाधान शिविर में अपनी मांगों को उठाया।

कैप्टन जगबीर मलिक के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में सीलक राम लठवाल, नरेंद्र सिंह, धर्मवीर खटकड़, नरेश शर्मा और नरेश नांदल शामिल रहे। उन्होंने एसडीएम आशीष कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि विजय द्वार केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि शहीदों की वीरता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने पहले यह कहकर विजय द्वार को हटाया था कि इसे और अधिक भव्य रूप में किसी अन्य स्थान पर बनाया जाएगा, लेकिन अभी तक इसका कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। पूर्व सैनिकों ने पहले किए गए पत्राचार और प्रशासनिक संवाद से जुड़े दस्तावेज भी एसडीएम को दिखाए।

उन्होंने मांग की कि विजय द्वार का निर्माण जल्द शुरू हो, ताकि कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। एसडीएम आशीष कुमार ने प्रतिनिधि मंडल की बात को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि विजय द्वार का पुनर्निर्माण प्रशासन की प्राथमिकता में है।